Title: Regarding shortage of water and electricity in Delhi.

श्री लाल बिहारी तिवारी : अध्यक्ष महोदय, दिल्ली की आबादी डेढ़ करोड़ के करीब है जिसमें 50 लाख लोग झुग्गी झोंपड़ी, अनअथोराइज्ड कालोनी, पुनर्वास बस्ती, गरीब बस्ती में रहते हैं। दिल्ली की श्रीमती शीला दीक्षित की सरकार ने इन बस्तियों में पीने के पानी के लिए कोई लाइन नहीं डाली है। वहां टैंकर भेजकर पीने के पानी की व्यवस्था की जाती है। पिछले एक हफ्ते से एक बूंद पानी भी टैंकरों द्वारा उन गरीब बस्तियों में नहीं गया है।

मैं आपको बताना चाहता हूं कि दिल्ली की पापुलेशन के हिसाब से 850 एम.जी.डी. वाटर की आवश्यकता है जबकि 600 एम.जी.डी. वाटर की उपलब्धता है। इसमें से 200 एम.जी.डी. वाटर बेकार हो जाता है। कुल मिलाकर दिल्ली को 400 एम.जी.डी वाटर मिलता है। इतनी भयंकर गर्मी में लोगों को पीने का पानी नहीं मिल रहा है। लोग पानी के लिए तड़प रहे हैं। पानी की इस कमी को पूरा करने के लिए श्रीमती शीला दीक्षित की सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया है।

140 एम.जी.डी. वाटर प्लांट सोनिया विहार में बनाने का काम सन् 2000 के अंदर पूरा होना चाहिए था लेकिन आज तक वह काम पूरा नहीं हुआ। इससे लोग पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं। मेरे संसदीय क्षेत्र में एक-तिहाई पॉपुलेशन है, वहां 200 एम.जी.डी. पानी मिलना चाहिए लेकिन 50 एम.जी.डी. पानी भी उपलब्ध नहीं है। दिल्ली की गरीब जनता पीने के पानी के लिए त्राहि-त्राहि कर रही है। मैं आपके माध्यम से मांग करना चाहता हूं कि दिल्ली के अंदर पीने के पानी की व्यवस्था की जाए। मैं संसदीय कार्य मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि वे इस बारे में कुछ न कुछ बताएं कि पानी का क्या होगा।â€¦ (व्यवधान)